

## एक नजर में

### मां नर्मदा को 101 फीट की चुनरी उड़ा दुग्धाभिषेक



**धार** । श्रावण माह में हर और भक्ति भाव से कावड़ यात्रा निकल रही है। इसी कड़ी में मां नर्मदा के पूजन से धार की प्रसिद्ध धुआंधार कावड़ यात्रा की शुरुआत हुई । मां नर्मदा को 101 फीट की चुनरी उड़ा कर एवं दुग्धाभिषेक कर इस भव्य कावड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धुआंधार कावड़ यात्रा अपने 23 वे वर्ष में माँ नर्मदा के पावन तट पर बसी महेश्वर नगरी से बाबा धारनाथ की नगरी धार के लिए निकली। सोमवार की पावन बेला पर मां नर्मदा के पावन जल से बाबा धारनाथ का अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता समंदर सिंह पटेल, सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष समाजसेवी धर्मेंद्र जोशी, यात्रा संयोजक सूर्या दुबे ,महेश बाबा ,अशोक शास्त्री, राजेश शर्मा ,गेंदालाल बवनका मनीष महाजन, दीपक शर्मा, लालू यादव , लक्की उस्ताद, यात्रा के मार्गदर्शक राजू गुरु ,दादू गुरु एवं युवा मोर्चा के साथी महामंत्री अंकित भावसार , चेतन शर्मा, मनोज सोहेल प्रेम परमार , देवांश रेवटियो , गौरव पाल सहित सैकड़ों शिवभक्त सम्मिलित हुए .

### आज निकलेगी बड़केश्वर महादेव भव्य पदयात्रा



**बाग .** इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में बाग से बड़केश्वर महादेव धार्मिक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है । 12किमी की पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल होंगे । सार्वजनिक पदयात्रा के आयोजक अखिलेश झवर ने बताया कि समिति द्वारा वर्ष 2010 से बड़केश्वर पाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमे बड़ी संख्या में भक्तजन उत्साहपूर्ण भागीदारी करते है । आज निकलने वाली पदयात्रा में बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल होंगे । नगर में भोलेनाथ के सुसज्जित डोले के साथ पदयात्रियों की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जावेगी । पदयात्रा को लेकर भक्तजनो में अपार उत्साह है. 12 किलोमीटर की पदयात्रा का समापन बड़केश्वर महादेव पहुंचकर महादेव का भव्य अभिषेक , महाआरती होगी तत्पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा जिसमें बाग एवं क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल होंगे । लगातार 15 वी पदयात्रा को भव्यतम रूप देने के लिए प्रीतेश तापड़िया , पिंटू तापड़िया , भुरु उपाध्याय , सुरेश झवर सहित सभी सदस्य अदम्य उत्साह से जूते हुए हैं ।

### मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने मप्र राज्य सफाई कामगार के आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन





**कुक्षी।** सफाई कामगारों द्वारा कुक्षी प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया को अपनी दस सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। करोसिया ने सफाई कर्मचारियों की समस्या को विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम विशाल धाकड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मायाराम सोलंकी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शब्बर हुसैन जिन वाला,एडवोकेट भूपेन्द्र रेवाल, सन्नी दुलगज,जोगेंद्र रेवाल, रंजीत रेवाल, सचिन बाली निखिल झाड़िया,भगत अशोक दावरे,दिनेश रेवाल सहित महिला कर्मचारी भी उपस्थित थी बैठक में वाल्मीकि सामुदायिक भवन निर्माण करने एवं सफाई कर्मचारियों की समस्या निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### पुण्यतिथि तप, त्याग के साथ मनाई

**नागदा (धार)।** पूज्य गुरुदेव श्री सौभाग्यमलजी म.सा. की 41 वी पुण्यतिथि जैन श्रावक-श्राविकाओ द्वारा जप, तप, त्याग के साथ मनाई। श्री वर्धमान स्थानक भवन में वर्षावास हेतु विराजीत पूज्या श्री संयमप्रभाजी म.सा. ने गुरु-गुणगान करते हुए उनके संपूर्ण जीवन का परिचय उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं के बीच रखा व कहा कि जब पूज्य गुरुदेव



ढाई वर्ष के थे, तब से उनका संयम जीवन प्रारंभ हुआ। ऐसे अनेक दृष्टांत का वर्णन करते हुए बताया मेरे दीक्षा गुरु भी वही है एवं उनके मेरे ऊपर अनेक उपकार है। इस अवसर पर श्रावक-श्राविकाओं ने निवी तप करके पूज्य गुरुदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। करीब 51 निवी आराधको की सामूहिक निवी भोजशाला में कराई। एक घंटे के सामूहिक नवकार मंत्र के जाप रखे, जिसका लाभ अशोक कुमार कोठारी द्वारा लिया। उक्त जानकारी श्री संघ के मीडिया प्रभारी संजय जैनटी ने दी।

### विदाई समारोह संपन्न



**नागदा (धार)।** स्थानांतरण अधिकारी के लिए पत्थर पर खिंची हुई लकीर के समान है। उसका निर्वाह हर शासकीय सेवक को करना होता है। ऐसे पल दु:ख के साथ खुशी भी देते है। दु:ख बिछड़ने का व खुशी आगे भी अच्छे कार्य करने की। कार्य के दौरान व्यक्ति का व्यक्तित्व ही उसे सभी के बीच ऊँचाई प्रदान करता है। स्थानांतरण होने पर विदाई ले रहे सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने अनुविभाग अंतर्गत अपने-अपने कार्य के प्रति बड़ी लगन व मेहनत से कार्य किया। उक्त बातें शनिवार को सोमनाथ गार्डन नागदा में स्थानांतरण होने पर आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम बदनावर दिपकसिंह चैहान ने कही।

बदनावर एसडीएम रिडर संदीप द्विवेदी, नायब तहसीलदार कानवन टप्पा प्रशस्ती जमरा, नायब तहसीलदार रिडर रेशमजी, भ्रत्य कपिल बापट, राजस्व निरीक्षक लोकेन्द्रसिंह, राजेन्द्रजी के स्थानांतरण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथि एसडीएम दिपकसिंह चैहान, तहसीलदार बदनावर सुरेश नागर, नायब तहसीलदार सुनिल पीड़ियार, पीडब्लूडी एसडीओ सनथ जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष मोदी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर की।

अतिथियों का स्वागत पूर्व सरपंच सुनिल साँखला, राहुल साँखला द्वारा साफा बांधकर व पुष्प माला पहनाकर किया। स्थानांतरण पर जनपद सदस्य राजेन्द्रसिंह पटेल, आजाद चैहान, पूर्व सरपंच मोहन कोली, राकेश दरबार, नितिन साँखला, प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष जायसवाल, सालीगराम लाईनमेन, शकील मंसुरी व प्रेस क्लब साथी सहित नगर के गणमान्यों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं कानवन टप्पा की और से एसडीएम चैहान, तहसीलदार नागर, नायब तहसीलदार पीड़ियार के साथ पटवारी संघ बदनावर, विभाग के कर्मचारी साथियों ने भी पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर बिदाई दी।

तहसीलदार सुरेश नागर ने कहा कि लोक कल्याण की प्रेरणा से हम जनता के लिए कार्य करते हैं। इन सब के बीच बहुत उतार-चढ़ाव भी आते हैं लेकिन शासकीय सेवक के नाते उसकी खुबसुरती यह है कि हमें एक स्थान से दुसरे स्थान पर कार्य करने के लिए स्थानांतरण की प्रक्रिया से गुजरना होता है। स्थानांतरित संदीप द्विवेदी, प्रशस्ती जमरा, लोकेन्द्रसिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अनवर मंसुरी ने किया व आभार राहुल साँखला ने माना।

# शिक्षा राष्ट्र के उत्थान एवं विकास की मुख्य नींव : मंत्री डिंडोर




**झाबुआ।** भील महासंघ द्वारा भील समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है एवं मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित अभ्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन 20 जुलाई को अंबा पैलेस पर रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात सरकार के जनजाति विकास एवं शिक्षा मंत्री कुबेरभाई डिंडोर और राजस्थान सरकार के जनजातिय क्षेत्रीय विकास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, सामान्य प्रशासन नागरिक उड्डयन के पूर्व मंत्री कनकमल कटारा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के तौर पर मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया मौजूद रहीं।


समारोह की अध्यक्षता भील महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर तथा प्रदेश सचिव लक्ष्मणसिंह बारिया ने की। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भारत माता, भगवान बिरसा मुंडा, क्रांतिकारी टंट्या भील, शबरी माता, एकलव्य, राणा पूंजा भील की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया। बाहर से पधारे अतिथियों का भील महासंघ की और से पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान युवा शिक्षाविद्, जिन्होंने अपना अध्ययन विदेश में करते हुए उच्च पद पर आसीन अन्नू डामोर ने अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष साझा किए। स्वागत उद्बोधन देते हुए भील महासंघ के मप्र अध्यक्ष डामोर ने बताया कि पहले भील समाज को काफी पिछड़ा माना जाता था, लेकिन अब समाज के युवा उच्च शिक्षा अर्जित कर बड़े पदों पर आसीन होकर पूरे देशभर में अपना नाम रोशन कर रहे है। भील महासंघ द्वारा प्रतिवर्ष भील समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन उन्हें गौरवांवित किया जाएगा। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश एवं जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।

**समाज के युवा आज देश में नाम रोशन कर रहे-** मुख्य अतिथि मंत्री कुबेरभाई डिंडोर ने कहा कि आज भील समाज के युवा बालक-बालिकाएं अपने गांव, शहर, जिले तक सीमित नहीं होकर राज्यों और देश में अपना रोशन कर रहे है। अपनी प्रतिभा के बल पर शिक्षा के साथ विभिन्न खेलों में सहभागिता कर अपना लोहा मनवा रहे है। शिक्षा राष्ट्र के उत्थान एवं विकास की मुख्य नींव है। शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है और उसका जीवन अनुशासन और संस्कारों से भरा रहता है। मंत्री डिंडोर ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज भील महासंघ द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री कटारा ने सभी से भारत माता एवं आदिवासी समाज के महापुरूषों के जयकारे लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भील समाज को राजनीति में समाज प्रतिनिधित्व देने के साथ निर्धन वर्ग के लिए कई जन कल्याणकारी योजना संचालित की है। देश में समाज का मान बढ़ाया है। आज शिक्षा हमारी मूलभत आवश्यकता है। व्यक्ति तभी संस्कारित बनता है और अपना जीवन यापन अच्छे से कर पाता है, जब वह उच्च शिक्षा अर्जित कर बड़े पदों पर आसीन होता है तथा राष्ट्र के निर्माण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

**सरकार चला रही अनेक योजनाएं -** प्रदेश सरकार में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए मप्र एवं केंद्र की भाजपा सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रहीं है। जिनका भरपूर लाभ समाजजनों को मिल रहा है। समाज के स्तर में निरंतर सुधार आने के साथ शिक्षा के साथ हर क्षेत्रों में समाज के लोगों को समान प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। भील महासंघ के प्रदेश सचिव लक्ष्मणसिंह बारिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने सम्मानित होने वाले सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों की अपनी और से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य हेतु कामना की।

**479 प्रतिभागियों का हुआ सम्मान-** सम्मान के क्रम में जिले के ब्लॉकवार कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले तथा मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित प्रतिभावन करीब 479 अभ्यर्थियों को अतिथियों ने भील महासंघ का दुपट्टा पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पूरा सभाकक्ष जिलेभर से आए प्रतिभागियों की भीड़ से खचाखच भरा था। सम्मान समारोह को सफल बनाने में विशेष सहयोग भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज अरोरा, मांगीलाल भूरिया, सागरसिंह रावत, मजेसिंह मकोड़िया आदि ने प्रदान किया। संचालन सुप्रिया मेड़ा एवं कमलेश बिलवाल ने किया। आभार हरू भूरिया ने माना।

## बैंक आफ बड़ौदा का 118वां स्थापना मनाया




**नागदा (धार)।** बैंक आफ बड़ौदा का 118 वां स्थापना दिवस शाखा नागदा में कर्मचारियों द्वारा मनाया गया। शाखा प्रबंधक हर्षिता शर्मा की उपस्थिति में शासकीय माध्यमिक विद्यालय बामन्दा में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरीत किये। जहां शाखा प्रबंधक ने विद्यार्थियों से कहा कि यह समय आपके लिए बड़ा महत्वपूर्ण है। इसमें अपने आगामी भविष्य के नवनिर्माण के लिए कड़ी मेहनत करें, तभी आप अच्छे पायदान पर पहुँच पायेंगे। उसके लिए पढ़ाई को ही अपना सबकुछ प्रदान करें। वहीं बैंककर्मी मुन्नालाल मिंजवा ने उपस्थित गणमान्यों को शाखा से जुड़ने की बात कही। इस अवसर पर धर्मेन्द्र चैहान, हरेसिंह चैहान, शुभम, अजय वैष्णव उपस्थित थे। स्थापना दिवस पर बैंक को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया।

## संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर ने किया आईटीआई धार का निरीक्षण





**धार ।** संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग सतीश मोरे ने शनिवार को शासकीय आईटीआई धार का निरिक्षण किया।

जिसमे उन्होंने शासकीय आईटीआई धार में सीएसआर फंड (महिंद्रा एंड महिंद्रा टू व्हीलर पीथमपुर) से निर्मित प्रदेश की एकमात्र इलेक्ट्रिक व्हीकल लेब (ई.व्ही.लेब) एवं सीएसआर फंड (इप्का लेबोरेटरी एवं सिप्ला फाउंडेशन) द्वारा नवनिर्मित कम्प्युटर लेब, जिसमें 30 आधुनिक कम्प्युटर मय फनीचर, युपीएस सहित शासकीय आई.टी.आई. धार की कोपा लेब में स्थापित की गई, जिस पर प्रसन्नता व्यक्त कि गई। साथ ही आईटीआई धार में परीक्षा पूर्व प्लेसमेंट (प्री-प्लेसमेंट) के तहत प्रशिक्षनार्थियों को जॉब में लगाए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की एवं संस्था में नवनिर्मित प्लेसमेंट सेल की भी सराहना की। ग्रीन आईटीआई के तहत धार में हुए ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम का भी अवलोकन किया एवं किए गए कार्यों को सराहा ।

इस अवसर पर संस्था से प्राचार्य श्री अनिल कुमार राजोरिया, म.प्र. तकनिकी कर्मचारी संघ कि ओर से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जितेन्द्र सिंह बदनोरा एवं मुकाम सिंह भयड़िया, जगदीश मौर्य, इनेश सोलंकी, विजय बैगा, हरिओम अहिरवार, प्रिया दाभोलकर उषा कुशवाह द्वारा स्वागत किया गया ।

## विश्व आदिवासी दिवस पर भील सेना संगठन द्वारा ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी प्रारंभ



**आलीराजपुर। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जोबट में 9 अगस्त को ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भील सेना संगठन के संस्थापक शंकर बामनिया ने कार्यकर्ताओ के साथ कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार कर ली है। स्थानीय मंडी प्रांगन मे आमसभा आयोजित की जाएगी वही टंटया मामा भील के स्मारक पर माल्यार्पण कर विशाल जनसमूह के साथ रैली निकाली जाएगी जो पुरे नगर मे भ्रमण करेगी जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे कार्यक्रम को लेकर भील सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश बधेल ने बताया की विश्व आदिवासी दिवस पर जोबट मे भील सेना संगठन के नेतृत्व मे ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर तैयारिया जोर शोर से की जा रही है।**

सभी आदिवासी समाज के लोगो से अपील करते हुए रमेश बधेल ने कहा की इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यक्रम मे पहुचे जोबट की धरती पर आदिवासी समाज का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। वही कार्यक्रम को लेकर भील सेना संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील मेहडा ने कहा की कार्यक्रम मे आदिवासी समाज की एक अनोखी झलक जोबट मे देखने को मिलेगी कार्यक्रम मे आदिवासी लोक कलाकार नृत्य दल अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओ का होगा सम्मान भील सेना संगठन के संस्थापक शंकर बामनिया ने बताया की 9अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर जोबट मे आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओ को मंच से शील्ड ओर पुष्प माला से सम्मानित किया जाएगा वही आदिवासी समाज के तडवी पटेल ओर पुजारो को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की रुपरेखा के अनुसार सभी को व्यवस्था की जिम्मेदारी दे दी गयी इस दौरान संस्थापक भील संगठन के शंकर सिंह बामनिया,केनसिंह भुरिया भील सेना संरक्षक, रमेश बघेल भील सेना प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी गब्बर वास्केल, सुनिल मेहड़ा भील सेना जिलाध्यक्ष, राजेश भुरिया, हीरेसिंह मिनामा, थावला भुरिया, प्रदीप मेहड़ा, प्रकाश मेहड़ा, समरु मेहड़ा, दिलीप कटारिया, इंदरसिंह डावर, मगन पचाया, राजेश पचाया, भय्यु मेहड़ा, भीम सिंह मेहड़ा, रेलसिंह अजनार, अजय पचाया,कालु पचाया, अनिल पचाया, लोंग सिंह बामनिया, सुरेश पचाया, अजय भुरिया,जालम मेहड़ा,कापसिंह मेहड़ा, गुड्डु अजनार, बारम मेहड़ा, दिनेश बामनिया, अनिल मेहड़ा, गजेंद्र मेहड़ा, मुकेश डिंडोर रामा ब्लाक अध्यक्ष, सुबला चंगोड़ और अन्य साथी उपस्थित रहें।

## फर्जी डॉक्टर के इलाज से युवक की मौत के बाद शव थाने पर रखा, पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार किया



**आलीराजपुर.** नानपुर गाँव में एक बार फिर झोलाछाप डॉक्टर के ईलाज के दौरान एक युवक की जान चली गई। इसके बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर डॉक्टर को गिरफ्तार किया है।

विस्तृत जानकारी अनुसार झोलाछाप डॉक्टर बिट्टू बिस्वास द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद 35 वर्षीय युवक जेराम पिता गिलदार बघेल, निवासी पटेल फलिया की मौत हो गई, परिजनों के अनुसार, जेराम को सीने में दर्द की शिकायत पर पहले नानपुर अस्पताल लाया गया, लेकिन वहा कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। मजबूरी में इस बीमार युवक को झोलाछाप डॉक्टर बिट्टू के क्लीनिक ले जाया गया, जहां उसे इंजेक्शन दिया गया. इंजेक्शन के 15 मिनिट बाद उसकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ गई जिसके चलते उसकी मौत हो गई। परिजन व ग्रामीण मृतक युवक के शव के साथ आरोपी डॉक्टर को भी थाने लेकर पहुंचे, मौके पर एसडीओपी सहित पुलिस बल भी पहुंचा, जिसके बाद समझा बुझाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

जयस जिला अध्यक्ष अरविंद कनेश सहित पचासों लोगों ने बिट्टू विश्वास के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की माँग की. पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा बीएनएस 105 और 319 के तहत एफआईआर दर्ज की, तथा कथित डॉक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि कथित डॉक्टर बिट्टू बिस्वास कुछ दिन पहले तब सुर्खियों में आया था, जब उसके इलाज के चलते एक युवक का हाथ सड़ गया था।

## आज से मांडव में कांग्रेस विधायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के कांग्रेस के 66 विधायकों को कांग्रेस ऐतिहासिक रूप से प्रशिक्षित करने जा रही है। ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडव में आयोजित होने वाले 21-22 जुलाई को दो दिवसीय नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के 66 विधायक शिरकत करेंगे! नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के प्रयासों से आयोजित नव संकल्प शिविर ऐतिहासिक साबित होगा। मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने बताया की कांग्रेस का दो दिवसीय नव संकल्प शिविर मांडू के निजी रिसोर्ट में आयोजित होगा, जो पार्टी का ऐतिहासिक कदम साबित होगा राहुल गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे वर्चुअल मीटिंग करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राष्ट्रीय प्रवक्ता विवेक तंखा, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी संजय दत्त सहित कई नेतागण नव संकल्प शिविर में भाग लेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शिविर को सफल बनाने में जुटे है। वही पूर्व विधायक जेवियर मेडा, प्राचीलाल मेडा सहित प्रदेश के 10 पूर्व कांग्रेस विधायक नव संकल्प शिविर की तैयारी में लगे हुए है।

**सम्मान** | **स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में देशभर में 126वां स्थान प्राप्त कर नगर परिषद ने कस्बे को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है**

# स्वच्छता हमारी पहचान, अब नगर को बनाएं हरा-भरा : मंत्री भूरिया





**पेटलावद .** आदिवासी अंचल पेटलावद की नगर परिषद ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में देशभर में 126वां स्थान प्राप्त कर नगर परिषद ने कस्बे को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस उपलब्धि पर नगर परिषद द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश शासन की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री भूरिया ने कहा, स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं बल्कि यह हमारी पहचान है। पेटलावद जैसे छोटे कस्बे ने जो मुकाम हासिल किया है वह सराहनीय है। अब समय है कि हम नगर को स्वच्छता के साथ-साथ हरियाली से भी समृद्ध बनाएं। नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़, भाजपा नेता हेमंत भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार और पार्षद मुकेश परमार ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारीआशा जितेन्द्र भण्डारी ने कहा कि अल्प संसाधनों में भी निकाय ने बेहतरीन कार्य किया, जिसका श्रेय हमारे समर्पित स्वच्छता कर्मियों और नगरवासियों को जाता है। निर्मला भूरिया ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया।

सम्मानित कर्मियों में शुभम देवड़ा (स्वच्छता प्रभारी), कैलाश सोलंकी, मुन्नी बाई, नर्मदा बाई, दिनेश चोहान, संजय धानु, ललिता अटकान शामिल रहे।

सम्मानित सम्मान प्राप्त करने वालों में संजय मेहता, रीना मुथा, ममता मांडोत, श्वेता कटकानी, अरुण मेहता, पद्मम मेहता, अंकित गांधी, निरंकारी ग्रुप से बसंतीलाल लुहार, मनीषा मेहता, पत्रकार हरीश राठौड़, निर्मल व्यास, दीपक निम्जा, प्रकाश पड़ियार, जितेन्द्र विश्वकर्मा, जीवन भण्डारी, पूजा सोनी, वर्षा मेहता, चंदू राठौड़, वीरेंद्र भट्ट, विकास चोहान, एडवोकेट विनोद पुरोहित आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद की उपाध्यक्ष किरण संजय कहार, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, और अनेक पार्षदगण - इंदिरा मुकेश पडियार, दिनेश पडियार, अनुपम भण्डारी, रेखा पटवा, शिवा राठौड़, पूर्व अध्यक्ष मनोहर भटेवरा, पारस गादिया, जितेन्द्र मेहता, सब इंजीनियर दीपक वास्केल सहित नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सोनू वास्केल ने आभार व्यक्त किया ।